राजा भोज विमानतल,भोपाल पर हिंदी पखवाड़ा-2024 की अंतिम प्रतियोगिता 'हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता' का आयोजन दि. 27.09.24 को किया गया। विमानपत्तन निदेशक श्री रामजी अवस्थी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व निर्णायक श्री अतुल भनोत्रा कमांडेंट,कें.औ.सु.ब. भोपाल का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

राजा भोज विमानतल,भोपाल पर गायन प्रतियोगिता में कार्यालय के अनेक कार्मिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व मधुर गीत प्रस्तुत किए। तत्पश्चात हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, वाद-विवाद, टिप्पण प्रारूप लेखन व अनुवाद, चित्र अभिव्यक्ति तथा गीत गायन के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विमानपत्तन निदेशक ने हिंदी भाषा का महत्व बताते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अधिकतम कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित किया। हिंदी पखवाड़ा-2024 के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में कार्यालय के समस्त कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राजा भोज हवाईअड्डा,भोपाल
Raja Bhoj Airport, Bhopal

राजा भोज विमानतल,

राजा भोज विमानतल,